प्रथम आवधिक परीक्षा 2022 -23

कक्षा दसवीं विषय हिन्दी

समय 90 मिनट। पूर्णांक 40

निर्देश पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए ।

1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।1×5=5

आज की भारतीय शिक्षित नारी को अच्छी गृहिणी के रूप में ना देख पाना पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है विवाह के बाद बदली हुई उसकी मनह स्थिति तथा परिस्थितियों की कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता। उसकी रूचि और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है ।पुरुष यदि अपने सुख के साथ पत्नी के सुख का ध्यान रखें ,तो वह अच्छी गृहिणीहो सकती है । पत्नी और पति दोनों का कर्तव्य है कि वह एक - दूसरे के कार्य में हाथ बताएं और एक - दूसरे को की भावनाओं इच्छाओं और रूचि यों का ध्यान रखें । आखिर नारी भी तो मनुष्य हैं ।उसकी अपनी जरूरतें भी हैं और वह भी परिवार में पड़ोस तथा समाज में सम्मान पाना चाहती हैं । यदि नारी त्याग की मूर्ति है तो पुरुष को बलिदानी होना चाहिए।

1- किसकी रुचियां और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है?

1- सन्त की 2- पुरुष की

3- नारी की 4- कवि की

2- पुरुष को अपने सुख के साथ और किसके सुख का ध्यान रखना चाहिए

1- स्वदेशी के

2- विदेशी के

3- पड़ोसी के

4- पत्नी के

3- सुखी वैवाहिक जीवन के लिए पत्नी और पति को किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

1- एक दूसरे के काम में हाथ वो बंटाए

2- एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें

3- एक दूसरे की इच्छाओं और रुचि यों का ध्यान रखें

4- उपर्युक्त तीनों।

4- शिक्षित नारी शब्द में विशेषण पद है-

1- शिक्षित

2- नारी

3- स्त्री

4- शिक्षित नारी

5- इस गद्यांश के लिए उपर्युक्त शीर्षक है-

1- सुखी वैवाहिक जीवन का आधार

2- दुखी वैवाहिक जीवन का आधार

3- भारतीय नारी

4- अच्छी गृहिणी ।

2- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।1×5=5 ।

मैं न बंधा हूं देश काल की जंग लगी जंजीर में।

मैंने खड़ा हूं जाति पांति की ऊंची नीची भीड़ में ।

मेरा धर्म ना कुछ स्याही शब्दों का एक गुलाम है

मैं बस कहता हूं कि प्यार है तो घट घट में राम है।

मुझसे तुम ना कहो मंदिर मस्जिद पर मैं सर टेक दूं

मेरा तो आराध्य आदमी देवालय हर द्वार है ।

कहीं रहे कैसे भी मुझको प्यारा यह इंसान है

मुझको अपनी मानवता पर बहुत बहुत अभिमान है

मुझे मिली है प्यास विषमता का विष पीने के लिए

मैं जन्मा हूं नहीं स्वयं हित जगहित जीने के लिए

मैं सीख लाता हूं कि जियो और जीने दो संसार को

जितना ज्यादा बांट सको तुम अपने प्यार को ।

हंसी इस तरह हंसी तुम्हारे साथ दलित यह धूल भी

चलो इस तरह कुचल न जाए पग से कोई शूल भी

सुखनाथ तुम्हारा सुख केवल जग में भी उसका भाग है

फूल और दाल का पीछे वाले उपवन का श्रृंगार है

कोई नहीं पराया मेरा घर सारा संसार है

1-कवि का आराध्य और देवालय क्या है?

क महादेव मंदिर

2- अल्लाह मस्जिद

3- मानव घर

4- ईसा और चर्च

2- हां तो इस तरह हंसी तुम्हारे साथ दलित या धूल भी पंक्ति का भावार्थ है-

1 तुम्हारे हंसने के साथ धूल भी हंसे

2- जहां धूल उड़ रही हो वहां हंसना चाहिए

3- अपनी प्रसन्नता खुशी में दलित वर्ग का भी साथ है

4- दलित धूल तुम्हारे साथ ही हंसती है।

3- कोई नहीं पराया मेरा घर सारा संसार पद्यांश की अंतिम पंक्ति किस वचन की पुष्टि करती है।

1-सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय

2- वसुधैव कुटुंबकम

3- आप भला तो जग भला

4- सब की उन्नति में अपनी उन्नति है

4- मुझे मिली है प्यास विषमता का विष पीने के लिए रेखांकित अंश में निहित अलंकार है।

1-अनुप्रास

2- यमक

3- श्लेष

4- उत्प्रेक्षा

5- उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक निम्नलिखित विकल्पों में से चुनिए

1- इंसान का प्यार

2- जीने दो संसार को

3- मानवता पर गर्व

4- मनुष्यता।

[ प्रश्न 3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।1×5=5

क - गोपियों ने उद्धव को बड़भागी क्यों कहा है?

ख- बिथा शब्द का तत्सम रूप है क्या?

ग- सूरदास के पद में किस भाषा का प्रयोग किया गया है

घ -कविता में बादल किन-किन औरतों की ओर संकेत करता है?

ड- लखमण वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएं बताई ?

प्रश्न4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×4=8

क- सेनानी ना होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

ख- परशुराम ने अपने फंसे की क्या विशेषता बताइए?

ग- भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

घ - लखनवी अंदाज कहानी से लेखक क्या संदेश देना चाहता है?

प्रश्न - 5- निम्नलिखित का उत्तर दीजिए 3×1=3

क - बिना विचार घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है? यशपाल के इस विचार से आप कहां तक सहमत हैं?

प्रश्न 6- निम्नलिखित विकल्पों प्रश्नों के उत्तर लिखिए-1×3=3

क भगत की पुत्रवधू के क्या गुण हैं?

I वह सुंदर व सुशील है

Ii वह घर के प्रबंध में कुशल थी

Iii वह घर की जिम्मेदारी को संभालने वाली थी

Iv उपर्युक्त सभी

ख-साध शब्द का क्या अर्थ है?

I चाहत

Ii प्रयास

Iii तपस्या

Iv मन्नत

ग- बेटे की मृत्यु पर भगत क्या कर रहे थे?

क शोक मना रहे थे

ख पूजा किए जा रहे थे

ग गाए जा रहे थे

घ नृत्य  कर रहे थे।

प्रश्न 6  निम्नलिखित का उत्तर दें1×3=3

1- प्रभातिया का क्या अर्थ है

2- निस्तब्धता शब्द का क्या अर्थ है

3- निवृत्त शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए

प्रश्न7 निम्नलिखित वाक्यों का रचना के आधार पर सही भेद चुनिए1×3=3

क जो छात्र कक्षा में प्रथम आया उसे प्रधानाचार्य ने पुरस्कार दिया

I सरल वास्तु

Ii मिश्र वाक्य

Iii संयुक्त वाक्य

ख  मेरे स्टेशन पहुंचते ही रेलगाड़ी चल दी

I सरल वाक्य

Ii मिश्र वाक्य

Iii संयुक्त वाक्य

ग-बीमार होने के कारण दादी सो रही हैं

I संयुक्त वाक्य

Ii सरल वाक्य

Iii मिश्र वाक्य

प्रश्न 8 अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पत्र लिखिए 1×5=5